
RNI NO. DELHIN/2013/50275

# मैथिली प्रसंग

नई दृष्टिकोण नई सोच

MAITHILI PRASANG

शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024, वर्ष : 10, अंक : 04, पृष्ठ : 06, मूल्य :1.00 रुपये | नई दिल्ली | दिल्ली | मुम्बई | पटना | चंडीगढ़ | जयपुर | लखनऊ | भोपाल | रांची | देहरादून



## लोकतंत्र का महापर्व आज से, पहले चरण में 16.63 करोड़ वोटर, आयोग की तैयारी पूरी

**पहले चरण में लोकसभा के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा की कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराए जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।**

विनय कुमार

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, नई दिल्ली।** आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। इसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर पहुंचा दिए गए हैं। पहले चरण में लोकसभा के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा की



कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराए जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं। उम्रदराज और विकलांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। आयोग के अनुसार, मतदान शुक्रवार सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं।

**सभी दलों ने झोंकी पूरी ताकत**

चुनाव के लिए राजनीतिक दलों ने रैली और सभाएं करने में भी खूब ताकत लगाई। मतदाताओं को रिझाने के प्रयासों में दलों ने कोई कमी नहीं छोड़ी। आरोप-प्रत्यारोपों का दौर भी खूब चला। भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य राजनीतिक दलों के अपने घोषणा पत्र भी जारी कर दिए हैं। अब 19 अप्रेल को मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद करेंगे। एनडीए और ह्यइंडियाह्ण गठबंधन में एनवक्त का अपना कुनबा बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**पहले चरण में 16.63 करोड़ वोटर**

पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं।

पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिए पंजीकृत किया है। इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं।

**आयोग की तैयारी पूरी**

मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित करने के लिए मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रूप से केंद्रीय बलों को तैनात किया गया है।

सभी मतदान केंद्रों पर माइक्रो पर्यवेक्षकों की तैनाती के साथ-साथ 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी।

361 पर्यवेक्षक (127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक, 167 व्यय पर्यवेक्षक) अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया है।

वीडियो निगरानी टीमें और 1255 वीडियो देखने वाली टीमें मतदाताओं को शामिल करने के किसी भी प्रकार से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए चौबीसो घंटे निगरानी रख रही हैं।

कुल 1374 अंतरराज्यीय और 162 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियों पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है

पहले चरण में मतदान के लिए 85 वर्ष अधिक के 14.14 लाख से ज्यादा मतदाता और 13.89 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें घर से मतदान की सुविधा मिली है।

## 10 वर्ष में हुए परिवर्तन के कारण गूंज रहा, फिर एक बार मोदी सरकार: सीएम योगी

मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो/ बलवान सिंह

**बुलंदशहर, मेरठ, गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पश्चिमी यूपी की तीन महत्वपूर्ण लोकसभा सीटों पर धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा, मेरठ लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण गोविल और गाजियाबाद सीट से पार्टी प्रत्याशी अतुल गर्ग के पक्ष में चुनावी जनसभाएं कीं। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस, सपा और बसपा रही। वहीं उन्होंने कहा कि रामनवमी पर अयोध्या में श्रीराम के भव्य सूर्य तिलक को देख हर कोई अभिभूत रह गया। उन्होंने सवाल भी पूछा कि अगर कांग्रेस, सपा या बसपा की सरकार होती तो क्या अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन पाता। योगी आदित्यनाथ ने आर्थिक रूप से तबाह हो रहे पाकिस्तान की दुर्दशा का भी जिक्र किया, कहा कि एक तरफ भारत 80 करोड़ लोगों को पिछले चार साल से मुफ्त राशन दे रहा है और अगले 5 साल तक देता रहेगा, वहीं 22 करोड़ की आबादी वाले पाकिस्तान में लोग भूखों मर रहे हैं।

**आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक**

बुलंदशहर में गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिए आयोजित



रैली के दौरान उन्होंने कहा कि आस्था, सुरक्षा व समृद्धि के लिए भाजपा आवश्यक है। सपा-बसपा व कांग्रेस के लोग कर्फ्यू वाले हैं। इनके राज में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था पर आज प्रदेश में कर्फ्यू नहीं है। दंगा कराकर यह लोग प्रदेश को अस्त-व्यस्त करते थे। यह दंगा पॉलिसी चलाते थे, हम विकास की पॉलिसी चलाते हैं। हमारी सरकार में सामान्य प्रदेशवासियों को 'राम-राम' और माफिया-अपराधियों के लिए 'राम नाम सत्य' की यात्रा के रास्ते खुले रहेंगे। सीएम योगी ने यहां गौतमबुद्ध नगर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के वोट की अपील की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आज हम सभी नए भारत में हैं। 2014 के चुनाव के साक्षी लोग जानते हैं कि उस समय कैसा भारत था। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद, अलगाववाद सिर चढ़कर बोल रहा था। सभी संस्थाओं में भ्रष्टाचार चरम पर था। युवा निराश व किसान आत्महत्या कर रहा था।


मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट के लिए किठौर में प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और पाकिस्तान एक साथ ब्रिटिश हुकूमत से आजाद हुए मगर आज पाकिस्तान भूखों मर रहा है और भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दिया जा रहा है। पाकिस्तान की आबादी 22 करोड़ है, बंटवारे के समय उनके हिस्से उर्वरा भूमि गई, बावजूद इसके आज पाकिस्तान की जनता भूखों मर रही है। वहीं पाकिस्तान की आबादी से भी अधिक लोग भारत में पिछले 10 साल में गरीबी रेखा से ऊपर आ चुके हैं। सीएम योगी मेरठ के किठौर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार अरुण गोविल के पक्ष में मतदान की अपील की। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि रामनवमी के अगले दिन ही मेरा यहां आना हुआ है। जब अरुण गोविल रामायण सीरियल में भगवान राम का रोल अदा कर रहे थे और उसके माध्यम से कलियुग में भगवान राम के जीवन को चित्रित कर रहे थे, उस समय उन्हें भी नहीं पता कि एक दिन भगवान श्रीराम अपनी जन्मभूमि पर अपना जन्मदिन मनाएंगे। जिस साल मेरठ से अरुण गोविल प्रत्याशी बने, उसी साल 500 वर्षों के इंतजार के बाद श्रीराम अपना जन्मोत्सव मना रहे हैं।

**वर्ष के अंत तक मेरठ सिटी में मेट्रो का कार्य प्रारंभ कर देंगे**

पिलखुआ में गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए प्रचार की कमान संभालते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी पार 400 पार। यह नारा अकारण ही नहीं गूंज रहा है, बल्कि इसके पीछे देश के अंदर 10 वर्ष में हुआ परिवर्तन है। देश के परिवर्तन का कारण केवल नरेंद्र मोदी हैं। पाकिस्तान की जितनी आबादी है, भारत में उससे अधिक आबादी 10 वर्ष में गरीबी रेखा से मुक्त होकर खुशहाल जीवन यापन कर रही है।

## गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है: आचार्य श्री समयसागर जी महाराज

के.डी जैन



**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, कुंडलपुर दमोह।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र,जैनतीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ आचार्य भगवन संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य कुंडलपुर में विराजमान है। इसअवसर पर अभिनव आचार्य श्री समयसागर जी महाराज ने मंगल प्रवचन देते हुए कहा आगम के माध्यम से बहुत सारा विषय सूक्ष्मता को लेकर वर्णन मिलता आगम में वह आगम की रचना दिव्य ध्वनि के आधार से गणधर परमेष्ठी द्वारा आगम की रचना होती है और द्वादशांग धीरे-धीरे काल के प्रभाव से समझ लो धीरे-धीरे अपनी योग्यता को लेकर कर्म के उदय के कारण वह श्रुत राग को प्राप्त होता हुआ आया है लेकिन वस्तुतः क्षीरसागर का वह जल उसमें से मान लो आपने एक लोटा भरकर ले आए तो वह जल क्षीरसागर का ही जल माना जाता है ।उसी प्रकार गणधर परमेष्ठी के पश्चात उत्तरवर्ती आचार्यों के माध्यम से वह क्षीर सागर की धारा बहती हुई यहां तक आई और आचार्य महाराज उनको आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के माध्यम से उनके मुखारविंद से और उनके अनुभव के माध्यम से आचार्य गुरुदेव को प्राप्त हुआ। बहुत अद्भुत पुण्य का उनका योग रहा और उन्होंने आचार्य ज्ञान सागर महाराज को उनकीं उपस्थिति में भी और उनके समाधिस्थ होने के उपरांत भी उनको हृदय में बिठाया और निर्भीक होकर के निर्भीकता के साथ ज्ञान का अर्जन करते हुएं ज्ञान सागर महाराज के माध्यम से प्राप्त जो रत्नात्रय की निर्दोष आराधना करते हुए रत्नात्रय को निर्मल बनाया है। और अपने जीवन काल में जो ज्ञान का अर्जन उन्होंने किया है वह शायद ही कोई और भी कर सकेगा ।हमारे पास है क्या आप लोग कहते महाराज आप भी हमें भी सूत्र दे दो सूत्र के रचयिता आचार्य हुआ करते हैं और उन्होंने जो भीसूत्रों का निर्माण किया है उसमें से किसी भी सूत्र को आप अपनी बुद्धि का विषय बना लो उपयोग के माध्यम से उन सूत्रों की आराधना उन सूत्रों की गहराई तक पहुंचने का पुरुषार्थ हमें भी करना और आप लोगों के लिए भी करना बहुत अद्भुत विषय पूज्यपाद स्वामी ने स्पष्ट किया है प्रसंग धर्म ज्ञान का है आप लोग सर्वार्थ सिद्धि का अवलोकन कर सकते हैं मुझे वह प्रसंग स्मरण में आ रहा है कहां तक में आपके सामने रख पाऊं यह अलग वस्तु किंतु क्षयोपशम है आपके पुण्य के उदय से वह भाव आपके सामने रख पाऊंगा आज्ञा विशेष धर्म ज्ञान का विषय है। पूज्यपाद स्वामी कह रहे हैं कि उपदेशता आवावात उपदेशता का अभाव हम लोगों के लिए तो सर्वार्थ सिद्धि का निर्माण करके महान उपकार किया है और वे उमा स्वामी का तत्वार्थ सूत्र जो उमा स्वामी के द्वारा रचित है । आदि टीका उनके द्वारा लिखी गई है और सर्वार्थ सिद्धि में अपने आप में लघुता का एक भाव प्रकट करते हुए लिखा है ।हम और आप कह सकते हैं लघुता है किंतु सिद्धांत का पालन करते हुए ही उन्होंने लिखा है कि उपदेशतु अभाव विशिष्ट उपदेशता का अभाव होने के कारण उपदेशतू अभावात कर्मोंदया कर्मों के उदय होने के कारण मंदबुद्धित्वा आप सुने मंदवुद्धिवा हम लोगों की बुद्धिमंद है उन्होंने अपनेआप को स्वीकार किया है हमारी भी बुद्धिमंद है और महत्वपूर्ण कारण बता रहे हैं कि पदार्थों की अत्यंत सूक्ष्मता होने के कारण सर्वज्ञ प्रणेता आगमम प्रमाणित्वा सर्वज्ञ भगवान के द्वारा प्रणीत जो आगम है जो मूलआगम है अर्थ आगम है उसको प्रमाणित मानकर के श्रद्धा का विषय बनाते है तो उसका नाम आज्ञा विशेष धर्म ध्यान जो हमें स्मरण में आ गई है उसको सामने रखा ।सर्वार्थ सिद्धि में नवमे अध्याय में धर्म ध्यान का प्रसंग आया धर्म ध्यान के प्रसंग में बात रखी हेतु और दृष्टांत इन दोनों का अभाव हो जाता है। हम हेतु नहीं दे पाते हैं जिस समय और दृष्टांत प्रस्तुत नहीं करते उस समय इसको धर्म ज्ञान का विषय बनता है। हमें आज्ञा का पालन करना है कहां पर करना है इसका कोई अंत है नहीं ।



Advt.: Maithili Prasang

# अलग-अलग इलाकों में आगजनी की घटना से 37 बीघे से ज्यादा की गेहूं की फसल जलकर राख

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** बाराबंकी जैदपुर के हरख गांव में जहां गेहूं के खेत में लगी आग से 30 बीघा फसल जल गई। वहीं, त्रिवेदीगंज के विशुनपुर गांव में पांच बीघा आग बिजली के तारों की स्पार्किंग से लगी आग की भेंट चढ़ गई। सोने सी गेहूं की फसल जलकर राख होने से किसानो की उम्मीदें और सपने भी खाक में मिल गए। बाराबंकी जिले के जैदपुर-त्रिवेदीगंज के अलग-अलग इलाकों में आगजनी की घटना से 37 बीघे से ज्यादा की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।



जैदपुर के हरख गांव में जहां गेहूं के खेत में लगी आग से 30 बीघा फसल जल गई। वहीं, त्रिवेदीगंज के विशुनपुर गांव में पांच बीघा आग बिजली के तारों की स्पार्किंग से लगी आग की भेंट चढ़ गई। सोने सी गेहूं की फसल जलकर राख होने से किसानो की उम्मीदें और सपने भी खाक में मिल गए। पहली घटना जैदपुर थाना क्षेत्र के मेहंदीपुर मजरे हरख की है, जहां बुधवार को दोपहर में अचानक चंद्रपाल के गेहूं के खेत में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण देखते ही देखते आग ने पड़ोस के आधा दर्जन अन्य खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया। जब तक आग पर नियंत्रण पाया जाता तब तक करीब 30 बीघा फसल जलकर राख हो गई। हल्का लेखपाल प्रताप कुमार ने मौके पर पहुंचकरकी आग से हुए नुकसान का आकलन किया। उधर, त्रिवेदीगंज क्षेत्र के थाना लोनीकटरा गांव विशुनपुर में आग लगने से खेत में खड़ी पांच बीघा गेहूं की फसल जल गई। इसके साथ ही इंदर प्रसाद की तीन बीघा, जागोश्वर की एक बीघा व सुखदेव की एक बीघा गेहूं की फसल जल गई। अग्निशमन दस्ते ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। तीसरी घटना निंदूरा क्षेत्र के कुर्सी थाना क्षेत्र के पोखनी गांव की है। यहां किसान अनवर के गेहूं के खेत में लगी आग से लगभग ढाई बीघा क्षेत्र में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घुघंटेर थाना क्षेत्र के गांव बंदगी नगर में खाना बनाते समय सिलिंडर फटने से लगी आग से दो घर जलकर राख हो गए। हरि नाम के घर पर दोपहर में गैस सिलिंडर पर खाना बन रहा था कि इसी बीच सिलिंडर फट गया। इससे पड़ोसी रामू व विनोद के घरों के छप्पर भी आग की चपेट में आ गए। छप्पर के नीचे बंधी भैंस भी इसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया।

# महिला मतदाता मतदान करके लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : सीडीओ

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** 18 अप्रैल जनपद में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप कार्यक्रम) के अन्तर्गत आज लोकसभागार में बाल विकास विभाग एवं किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी लखनऊ के समन्वय से "भोजन के लिए स्वस्थ दांत जरूरी, लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री अ० सुदन, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ पी त्रिपाठी,जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अखिलेंद्र डूबे, किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के दन्त विभाग की प्रोफेसर डा० प्रोमिला वर्मा एवं डा० रिदिमा इत्यादि अधिकारी व कर्मचारी उपस्थिति रहें। कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाडी कार्यकत्रियों सहायिकाओं व लाभार्थियों



को किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के दन्त विभाग की प्रोफेसर डा० प्रोमिला वर्मा एवं डा० रिदिमा द्वारा "स्वस्थ्य शरीर के लिए दांतो का स्वस्थ होना जरूरी है" विषय पर विस्तृत वर्णन करते हुए "स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अनिवार्य रूप से मतदान किया जाना भी जरूरी है" तथ्य पर प्रकाश डालते हुए 20 मई को होने वाले मतदान में अनिवार्य रूप से मतदान किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री अ० सुदन द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों से गर्मियों में लू से बचाव के बारे में उपाय बताते हुए उन्हें मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक करने की बात कही गयी । इस अवसर पर सभी को मतदाता शपथ भी दिलायी गयी । जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों से अपील की गयी कि परिक्षेत्र के समस्त मतदाताओं को आगामी 20 मई को मतदान करने के सम्बंध में जागरूक करें एवं गृह भ्रमण के समय पोषण परामर्श के साथ-साथ घर के मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करें।

# बाराबंकी: सगाई के दिन लड़के ने प्रेमिका के साथ दी जान, बाइक से घर से निकले और ट्रेन के आगे कूद गए, 8 दिन बाद लड़के की होनी थी शादी

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** बाराबंकी में प्रेमी ने प्रेमिका के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। लड़के की आज (18 अप्रैल) सगाई थी। दवा लेने के बहाने बुधवार शाम को वह घर से निकला था। गुरुवार सुबह उसका और उसकी प्रेमिका का शव लखनऊ-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर मिला। लड़का-लड़की दोनों एक ही गांव के रहने वाले थे। लड़के की 8 दिन बाद शादी थी। जबकि लड़की पहले से शादीशुदा



थी। उसका पति सऊदी अरब में काम करता है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामला मसौली थाना क्षेत्र का है। पहलीपार गांव के पास लखनऊ-अयोध्या रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह ग्रामीणों को एक युवक-युवती की लाश मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के पास आधार कार्ड और लाइसेंस मिला। जिससे उसकी पहचान अयोध्या जिले के मवई थाना क्षेत्र के पकरिया गांव मजरे हरिहरपुर निवासी शैलेंद्र कुमार दुबे (25) उर्फ जैकी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके घरवालों को घटना की सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे शैलेंद्र के चाचा हरि नारायण ने युवती की शिनाख्त की। उसका नाम माहेनिगार (22) था। उसकी शादी अमेठी के गांव मोहम्मदीपुर निवासी महबूब के साथ हुई थी।

**10 दिन पहले मायके आई थी महिला**

मृतक के चाचा हरिनारायण दुबे ने बताया, करीब 10 दिन पहले माहेनिगार ससुराल से पकरिया गांव आई थी। मेरे भतीजे और माहेनिगार के बीच पहले से अफेयर चल रहा था। जिसका हम लोग विरोध करते थे। इसलिए हम लोगों ने जैकी की शादी भी तय कर दी थी। माहेनिगार के घरवालों ने भी उसकी शादी कर दी थी। लेकिन दोनों के बीच बातचीत बंद नहीं हुई थी।

**लड़के की आज सगाई थी**

हरिनारायण ने बताया, जैकी की आज सगाई थी। जिसकी तैयारियां चल रही थीं। 26 अप्रैल को शादी होनी थी। पड़ोसी होने के कारण माहेनिगार की दवा लेने के लिए बुधवार की शाम को जैकी उसे ?बाइक से लेकर निकला था। काफी देर तक यह लोग घर नहीं लौटे तो हम लोगों ने जैकी को फोन लगाया। लेकिन उसका फोन नहीं लगा। फिर हम लोगों ने खोजबीन शुरू की। दोनों का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। आज सुबह पुलिस से जानकारी मिली कि दोनों के शव बाराबंकी में रेलवे ट्रैक पर पड़े है। घर से करीब 35 किमी की दूरी तय करके दोनों ने बाराबंकी से अयोध्या जाने वाली अप-लाइन पर सुसाइड किया है। बाराबंकी जीआरपी पुलिस ने बताया, दोनों की लाश से करीब 50 मीटर पहले एक बाइक खड़ी थी। दोनों के शव ट्रैक के अंदर पड़े थे। पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आगे के कार्रवाई की जा रही है।

# बाराबंकी: लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर बड़ा हादसा, अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार; तीन की मौत

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग सतह से करीब 10 फीट ऊंचा है। गुरुवार को सवा 11 बजे लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने करीब छह ईंच के प्लेटफार्म को पार करते हुए नीचे जा गिरी। नीम के पेड़ पर गिरी कार जमीन पर पहुंची। हादसे में वाहन चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई। लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर



तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट नीचे जा गिरी। हादसे में वाहन चालक सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चौथा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। कार लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट जा रही थी, जिस पर सवार चारों लोग बलरामपुर जिले के निवासी थे। इसमें दो लोगों को सऊदी अरब जाना था। कोतवाली नगर अंतर्गत शुक्लाई गांव से निकला लखनऊ-अयोध्या हाईवे सतह से करीब 10 फीट ऊंचा है। गुरुवार को सवा 11 बजे लखनऊ की ओर जा रही तेज रफ्तार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने करीब छह ईंच के प्लेटफार्म को पार करते हुए नीचे जा गिरी। नीम के पेड़ पर गिरी कार जमीन पर पहुंची। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की बाइक सवार सिपाही व होमगार्ड कणुनेश तिवारी ने जद्दोजहद के बाद घायल को बाहर निकला। मौके पर सीओ सिटी जगत कनौजिया, नगर कोतवाली पुलिस और टीएसआई राम यतन यादव पहुंचे। रेस्क्यू करते हुए घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि चौथे का उपचार चल रहा है। सीओ ने बताया कि परिवारजन को सूचित कर दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**एयरपोर्ट जा रही थी कार**

बलरामपुर जिले के सादुल्ला नगर थाना अंतर्गत महीउल्ला के पुत्र जुनैद अहमद और हसीबुल्ला के पुत्र अब्दुल मुईन को सऊदी अरब जाना था। लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट से उनकी शाम करीब पांच बजे की फ्लाइट थी। उन्होंने सादुल्ला नगर थाना के ही नौडिहवा गांव के अब्दुल खालिद की कार बुक कराई थी और सुबह लखनऊ के लिए निकले थे।

**चौथे व्यक्ति ने ली थी लिफ्ट**

बलरामपुर के सादुल्ला नगर थाना अंतर्गत विशुनपुर खरहमा निवासी जमशी पुत्र असरार अहमद ने जुनैद व अहमद से कार में लिफ्ट मांगी थी। उनको भी लखनऊ जाना था। जमशी गंभीर रूप से घायल हो गए, लेकिन हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# दबंग पड़ोसियों ने की गर्भवती महिला की पिटाई, इलाज के दौरान जच्चा और बच्चा की मौत, चार के खिलाफ केस दर्ज

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** बच्चो के बीच हुई मामूली कहासुनी के बाद दबंग पड़ोसियों ने गर्भवती महिला की पिटाई कर दी। पिटाई के दौरान गम्भीर चोट लगने से गर्भवती महिला की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मृत बच्ची को जन्म देने के कुछ ही देर बाद महिला की भी मौत हो गयी। मृतका के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के ग्राम सिसाईनपुरवा मजरे कसौजा निवासी रामसजीवन पुत्र पुत्ती लाल गौतम व शिवप्रसाद पुत्र रामखेलावन के घर आसपास है। बीती 13 अप्रैल की शाम हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर दोनों परिवारों के बच्चों के बीच कहासुनी हो गयी। जिसके बाद शिवप्रसाद पुत्र रामखेलावन, रूमा पत्नी शिवप्रसाद, मिश्रीलाल व उसकी पत्नी ने लातों घूसों से रामसजीवन की 30 वर्षीय गर्भवती पत्नी लक्ष्मी की बुरी तरह पिटाई कर डाली। पिटाई के बाद लक्ष्मी की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज ले जाया गया। जहां उसकी गम्भीर हालत देखते हुए चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में बीती 15 तारीख को मृत बच्ची को जन्म देने के कुछ घंटे बाद ही पीड़िता लक्ष्मी को ब्लीडिंग होने लगी और इलाज के दौरान ही लक्ष्मी ने भी दम तोड़ दिया। जच्चा बच्चा की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद मृतका के ससुर पुत्तीलाल की तहरीर पर मोहम्मदपुर खाला पुलिस ने चारो आरोपियों शिवप्रसाद, रूमा, मिश्रीलाल व उसकी पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो महिलाओं को हिरासत में ले लिया। थाना मोहम्मदपुर खाला प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि उचित कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव, रामभक्तों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, बाराबंकी (बलवान सिंह)।** हिन्दू युवा वाहिनी हैदरगढ़ के तत्वाधान में नगर के प्रमुख मार्गो से भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गत वर्षों की भांति प्रातः विजयी हनुमान मन्दिर पर युवा वाहिनी के सभी पदाधिकारियों ने सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। सुंदरकांड पाठ के बाद दोपहर 12:00 बजे भगवान राम का भव्य जन्मोत्सव मनाया गया। तत्पश्चात केशव मैरिज हाल से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। भव्य रथ पर बाल रुप मे विराजमान प्रभु श्री राम की अदभुत छटा देख रामभक्तों का मन प्रफुल्लित होता रहा। नगरवासियों द्वारा जगह-जगह प्रभु श्रीराम की आरती व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महिलाओ ने भी अपने घरों के द्वार पर रंगोली सजाकर व दीप प्रज्वलित कर प्रभु की यात्रा का अभिनंदन किया। जय श्री राम के जय घोष के साथ रामेश्वरम शिवाला मन्दिर पहुंची यात्रा का मन्दिर समिति द्वारा आरती कर स्वागत किया गया। साथ चल रहे युवा



भक्तों के हाथों में भगवा ध्वज माथे पर त्रिपुण्ड सम्पूर्ण वातावरण को भक्तिमय करता प्रतीत हो रहा था। हिंदू युवा वाहिनी हैदरगढ़ के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय (मनु) ने स्थानीय शासन प्रशासन एवं नगरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। यात्रा मार्ग में ध्वज नृत्य, देवी देवताओं की मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति, भगवा होली, लोक नृत्य आदि विभिन्न प्रकार के मांगलिक आयोजन होते रहे। शोभा यात्रा के दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की गई भस्म आरती एवं भगवान भोलेनाथ का तांडव नृत्य के अलावा नगर के मुख्य चौराहे पर स्थापित की गई भगवान श्री राम की 10 फीट ऊंची प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही।

# दो अलग अलग गावों में मारपीट कर जान से मारने की धमकी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** ग्रामीण थाना अन्तर्गत आने वाले चांदपुर गांव में खर्च के लिए रुपए नही देने पर चाचा ने भतीजे के साथ मारपीट कर दी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार फरियादी नीलेश पिता मिहीलाल अहिरवार उम्र 25 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरे चाचा बल्लू पिता हल्काई अहिरवार ने मुझसे खर्च के लिए रुपए मांगे तो मेने मना कर दिया। इसी बात पर से चाचा ने गंदी गालियां देते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी। जिसमे वह घायल हो गए, सिविल अस्पताल में इलाज कराने पहुंचा।दूसरा मामला आसोली घाट का है जहा गांव में एक व्यक्ति ने 4 साल के मासूम के साथ मारपीट जैसी हरकत कर दी। पर पुलिस के मुताबिक फरियादी ब्रजमोहन पिता चुन्नी लाल यादव उम्र 38 साल ने शिकायत दर्ज कराई है कि मेरा चार साल का बेटा दुकान पर गया था, तभी गांव के महेश पिता शोभाराम यादव ने उसे पकड़कर हिला दिया। मेने इस हरकत का कारण पूछा तो गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने दोनों मामले में शिकायत दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

# क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, सागर (रोहित अहिरवार)।** मोबाइल की जगह बच्चे पाठ्यक्रम का उपयोग करें- एडीजे डां . सिंह। रहली नगर के समीप पटना बुजुर्ग में स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में हुआ




विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एडीजे डॉ सिंह ने कहा कि सभी बच्चे यथासंभव मोबाइल का उपयोग न करें उसके स्थान पर अपने पाठ्यक्रम की किताबों का उनके साथ ही अन्य अच्छी किताबों का अध्ययन करें आउटडोर खेल खेले जिससे कि उनका स्वास्थ्य एवं आवश्यक मानसिक व शारीरिक विकास हो सके यह बात तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा पटना बुजुर्ग में स्थिति क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर में अध्यक्षता कर रहीं एडीजे डॉ शुभ्रा सिंह ने कहीं उन्होंने विद्यार्थियों को पास्को एक्ट व भारतीय दंड संहिता की धारा 354 के बारे में जानकारी दी उन्होंने बाल विवाह में कानूनी व्यवहारिक दुष्परिणामों की जानकारी भी दी। शिविर की शुरूआत होते ही इस शहर में उपस्थित हुए एडीजे दिनेश देवड़ा ने विद्यार्थियों को तहसील विधिक सेवा समिति की योजनाओं की जानकारी दी उनका लाभ प्राप्त करने के तरीके बताएं इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या सिस्टर आनंदा के साथ न्यायालय के कर्मचारी स्कूल स्टाफ व छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी से ढूंढा सोने के कारीगर का गिरा हुआ 14 ग्राम सोना कीमती 90 हजार

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, सागर (रोहित अहिरवार)।** पुलिस कंट्रोल रूम सागर में अमर सोनी नाम के व्यक्ति ने आकर बताया मैं मोहन नगर वार्ड कैलाश फर्श बड़ा बाजार सागर का रहने वाला हूं बीना में ज्योति ज्वेलर्स पर सोने के कारीगर का काम करता हूं आज दिन में मैं कोतवाली से रामबाग की तरफ जा रहा था एक कागज की पुड़िया में लगभग 14 ग्राम सोना था जो मेरी जेब से कहीं गिर गया है मैं गरीब आदमी हूं सिर्फ कारीगर का काम करके अपना जीवन यापन करता हूं प्लीज मेरी सीसीटीवी से देखकर मदद



करवा दें प्रभारी कंट्रोल रूम आरकेएस चौहान ने सीसीटीवी में लगे सहायक उप निरीक्षक रेडियो त्रिलोक सिंह परिहार महिला आरक्षक निशि ठाकुर को सीसीटीवी चेक करके पता लगाने हेतु बताया अमर सोनी कोतवाली से सराफा तरफ जाते हुए सरार्फा के कमरे में दिखे वही पर केमरे के सामने उनकी जेब से पुड़िया गिरते हुए सरार्फा बाजार के कमरे में दिख गई फिर यह देखा गया कि यह पुड़िया उठा कौन रहा है पुड़िया उठाते हुए मोटरसाइकिल से उतरकर एक व्यक्ति दिखे उनकी मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर पता किया गया रजिस्ट्रेशन नंबर ेस्त्र 15 ठछ 8260 से व्हीकल डिटेक्शन पोर्टल द्वारा मोटरसाइकिल मालिक का मोबाइल नंबर पता किया गया मोबाइल लगाने पर यह मोबाइल बालाघाट में पदस्थ शासकीय सेवक को लगा उनसे पूछा गया कि आप घर पर पता लगा कर बताएं यह मोटरसाइकिल आज सुबह 09 से 10 बजे के बीच सराफा बाजार में कौन चला रहा था उन्होंने बताया मेरे दामाद तरुण ठाकुर निवासी इंदौर जो मेरे यहां सागर आए हुए हैं वह गाड़ी चला रहे थे तरुण को कंट्रोल रूम बुलाकर पूछा गया तो उन्होंने कागज की पुड़िया जिसमें 14 ग्राम सोना था मिलना बताया और सहर्ष वापस कर दी उन्होंने बताया मैं खुद भी ढूंढ रहा था कि यह किसका है पर पता नहीं लग पाया पुलिस कंट्रोल रूम के स्टाफ द्वारा लगभग 6 घंटे मेहनत करके पहले यह पता लगाया कि जिस पुड़िया में सोना रखा है यह गिरी कहां है फिर जिसको मिला उसे व्यक्ति की मोटरसाइकिल का पता लगाया मोटरसाइकिल के माध्यम से मोबाइल नंबर पता लगाया इसमें लगन एवं मेहनत से कार्य करते हुए सीसीटीवी की पूरी टीम द्वारा ढूंढ कर सोना वापस करवाया गया है सीसीटीवी टीम में उत्कृष्ट कार्यकरने वालों प्रभारी कंट्रोल रूम आरकेएस चौहान सहायक उप निरीक्षक रेडियो त्रिलोक सिंह परिहार महिला आरक्षक निशि ठाकुर आरक्षक अंकित गुरु सीसीटीवी इंजीनियर पुष्पराज सिंह का विशेष योगदान रहा पुलिस अधीक्षक सागर द्वारा पूरी टीम को पुरुष्कृत करने की घोषणा की गई है साथ ही सोना वापस करने वाले तरुण ठाकुर का भी पुलिस अधीक्षक की तरफ से कंट्रोल रूम प्रभारी द्वारा सम्मान किया गया अमर सोनी द्वारा खुश होकर पूरे सीसीटीवी टीम को धन्यवाद दिया गया।

# शहर व ग्रामीण क्षेत्र में ज्वारों की पूजा अर्चना कर नदी और तालाबों में किया विसर्जन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, खुरई/सागर (प्रदीप आठिया)।** चैत्र नवरात्र की नवमी के दिन खुरई शहर व ग्रामीण क्षेत्र में ज्वारों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया।इस दौरान महिलाएं, पुरुष सिर पर जवारे लेकर चल रही थीं। इस दौरान जगह-जगह शीतल पेयजल सड़कों पर वह रहा था, ताकि खप्पर रखे महिलाओं और पुरुषों को चलने में परेशानी नहीं हो। जानकारी देते हुए



रेंगुवा निवासी राजकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि चैत्र नवरात्र के नौ दिनों में मां के नौ स्वरूपों की उपासना की जाती है। लोग घरों में जवारों की स्थापना करते हैं। बुंदेलखंड में जवारे लगाना विशेष महत्व माना जाता है और नौ दिनों तक जवारों की सेवा की सेवा की जाती हैं। इसके नौवें दिन इनका विसर्जन किया जाता है। महिलाएं अपने सिर पर जवारे लेकर नंगे पैर , नदी तालाब तक माता के भजन गाते हुए जाती हैं। खुरई में बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में से लोग समूह में जवारे लेकर बड़े तालाब और नदी विसर्जन करने पहुंचे।

# कलश यात्रा के साथ आज होगा श्री रुद्र महायज्ञ एवं शिव पुराण कथा का शुभारंभ ग्राम चौकी मुरादाबाद में

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** शमीपस्त ग्राम चौकी मुरादाबाद में आज शुक्रवार 19 अप्रैल से सात दिवसीय श्री पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ एवं संगीत में श्री शिव पुराण कथा का आयोजन का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ होगा सुबह 10:00 बजे



यज्ञ स्थल से कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो पूरे गांव में बैंड बाजा के साथ नाचते गाते निकलेगी उक्त यज्ञाचार्य घनश्याम शर्मा वही अप यज्ञाचार्य मनोहर व्यास के द्वारा कलश यात्रा के साथ यजमानों को मंडप प्रवेश यज्ञशाला में कराया जाएगा जहां वही उक्त यज्ञ के साथ शिव पुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन कथा वाचक पंडित घनश्याम शर्मा के मुखारविंद से होगा रात्रि के समय जहां उक्त यज्ञ में ग्राम सहित आसपास के कहानी धर्म प्रेमी सम्मिलित होकर सफल बनाने की अपील ग्राम चौकी मुरादाबाद ग्राम वासी होने की।

# गायत्री प्रज्ञापीठ डोडी एवं श्री राणा सांगा राजपूत सेना के नेतृत्व में हुआ विवाह सम्मेलन आयोजित 53 जोड़े हुए शामिल

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता के संरक्षण एवं युग परिवर्तन की बेला तथा नारी सशक्तिकरण राष्ट्रीय निर्माण विश्व शांति हेतु शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष गायत्री प्रज्ञा पीठ डोडी के प्रांगण में राजपूत समाज द्वारा आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें ग्राम डोडी गायत्री प्रज्ञा पीठ द्वारा विशेष रूप से यह कार्यक्रम



आयोजित किया गया जिसमें सामाजिक संगठन श्री राणा सांगा राजपूत सेना द्वारा भी विशेष रूप से सहयोग किया गया यह कार्यक्रम नवरात्रि के नवमी के दिन आयोजित होता है 9 दिनों तक गायत्री परिवार द्वारा मां की विशेष पूजा अर्चना की जाती है और नवमी के दिन राजपूत समाज के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाता है जो कि पिछले 25 सालों से आयोजित हो रहा है राजपूत समाज के लोग द्वारा यहाँ कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया जाता है इस वर्ष श्री राणा सांगा राजपूत सेना द्वारा भी इस कार्यक्रम मैं विशेष रूप से सहयोग किया गया सती विवाह समारोह में शामिल सभी व वधुओं को राजपूती परंपरा एवं परिवेश के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराई।

# गुलाना सलसलाई सहित पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव

**सुबह से ही मंदिरों में भजन कीर्तन के साथ कहीं शोभायात्रा निकल कर दोपहर 12:00 बजे की महा आरती**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** भई प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी के साथ जैसे ही 12:00 मंदिरों में प्रभु का जन्म उत्सव का उक्त प्रसंग सुनाई दिया जहां ढोल धमाके आतिशबाजी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म उत्सव गुलाना सलसलाई शाहित तहसील के गांव में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बुधवार को रामनवमी के अवसर पर भगवान से राम जी का जन्मोत्सव जहां



धूमधाम से आतिशबाजी कर प्रत्येक श्री राम मंदिरों में मनाया गया जहां उसके पूर्व सुबह से ही मंदिरों में भजन कीर्तनकार भगवान की पूजा अर्चना का दौर चलता रहा जहां वही ग्राम खेड़ावद में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान से राम जी के डीजे के साथ शोभायात्रा निकल गई जो पूरे ग्राम में भ्रमण कर दोपहर 12:00 बजे भगवान का जन्म उत्सव के समय मंदिर पहुंचकर महा आरती का आयोजन किया गया जहां महा आरती में कहीं भक्तों ने सम्मिलित होकर भगवान श्री राम जी के दर्शन कर लाभ लिया।

# देवनारायण झीरी वाले बाबा का दरबार में नवरात्रि समापन के बाद दसमी पर हुआ विशाल भंडारा संपन्न

**ग्राम खरसोद के उक्त देवनारायण मंदिर के पुजारी भक्त 9 दिन तक प्रतिदिन बैठक के साथ करते हैं आराधना**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थान झीरी वाले देवनारायण बाबा ग्राम खरसोदा के दरबार में चैत्र नवरात्रि के चलते 9 दिन तक पूजा आराधना के साथ बैठक का दौर चलता रहा जहां बैठक देवनारायण बाबा के पुजारी जसमत मेवाड़ा के साथ मंदिर समिति के सदस्य प्रतिदिन उक्त देवनारायण स्थान गांव से दूर जंगल में वहीं रहकर 9 दिन तक पूजा अर्चना कर आराधना करते जहां दूर दराज से भक्तों वहां जाकर बैठक कर अपनी-अपने समस्या भगवान देवनारायण



का चरणों में अर्पण कर उसे पूरी करने की आराधना करते हैं वहीं कई समस्या उक्त देवनारायण के पुजारी जसवंत मेवाड़ा के द्वारा भगवान देवनारायण अपने शरीर में आने के बाद उसे समाप्त करने के कार्य विधि भी बताते हैं जहां 9 दिन पूजा के बाद दसवे दिन विशाल महा भंडारा का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्र सहित जिले भर के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु वहां पहुंचकर दर्शन कर मा भंडार में प्रसाद प्राप्त की वही ग्राम खरसोदा में पीर बाबा की राड़ी में चल रही देवनारायण भगवान की कथा का समापन हुआ वहीं अंतिम दिन कहीं पहुंचकर देवनारायण भगवान की कथा का लाभ लिया वही कथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ जिसमें कहीं श्रद्धालुओं में सम्मिलित होकर प्रसादी ग्रहण का धर्म का लाभ भी लिया।

# किशोर प्रजापति भारत सिंह प्रजापति के बेटे की देव महाराज के मंदिर पर मान का कार्यक्रम रखा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, शाजापुर (आनंद सिंह मेवाड़ा)।** ग्राम किलोदा में प्रजापति परिवार में से रमेश प्रजापति के किशोर प्रजापति भारत सिंह प्रजापति के बेटे की देव महाराज के मंदिर पर मान का कार्यक्रम रखा गया था जिसमें दीपक प्रजापति की दादी ने भगवान देवनारायण जी से अरदास और विनती की गई थी के मेरे बेटे के घर बेटा हुआ तो मैं आप के दरबार में आऊंगी की दादी की और पूरे घर वालों की भगवान देवनारायण सुनी और उनके



घर एक बेटा दिया था जिसमें उन्होंने 5 साल के भीतर दरबार मैं आकर आपके यहां भगवान देवनारायण का पाठ और पूजन करवाऊंगी भगवान देवनारायण का मंदिर पर कथा का भी आयोजन रखा गया था और भगवान देवनारायण का ध्वज लेकर मंदिर पर पहुंचे और भगवान देवनारायण के यहां ध्वज पूजा अर्चना की गई और ध्वज चढ़ाया गया जिसमें भगवान देवनारायण जी ने दीपक प्रजापति के सर पर हाथ रखकर उसे आशीर्वाद दिए और सब बात से सुख शांति बनाए रखें ऐसा भगवान देवनारायण लीला आशीर्वाद दिया और जिसमें महा आरती की इसके बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# दो स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला समिति को लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाये**

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समिति सचिव एसके नेमा ने प्रधान अध्यापक सोफिया स्कूल किल्लाई नाका एवं प्रधान अध्यापक आरसी पब्लिक स्कूल पटेरा को कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला समिति को लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाये। निर्धारित समय-सीमा में पक्ष प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिये स्कूल प्रबंधन स्वयं उत्तरदायी होगा । जारी आदेश में कहा गया है गंभीर शिकायत के अनुक्रम में क्यों न संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन)।

## पुलिस जनसंवाद में सुनी समस्याएं



**मैथिली प्रसंग संवाददाता, मसौढ़ी /पटना (भोला कुमार)।** मसौढ़ी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नव भैभव ने आम लोगों की समस्या सुनी सभी लोगों की लोगों की समस्या सुन नव वैभव ने विधिसम्मत कार्रवाई हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की इस पहल से लोगों में काफी उत्साह हैं।

## जीवन में पीपल का एक पेड़ जरूर लगाए: डॉक्टर धर्मेंद्र




**मैथिली प्रसंग संवाददाता, मसौढ़ी /पटना (भोला कुमार)।** नीम-तुलसी अभियान के संस्थापक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने अपने संस्था के तत्वाधान में आयोजित सम्मान समारोह एवं पदयात्रा के मौके पर कही। आज आधुनिकता के दौर में हमारा पर्यावरण दम तोड़ रहा है और उसके कारण पृथ्वी के अस्तित्व पर संकट पैदा हो गया है। उसके साथ मानव समेत अन्य जीव जंतु का जीवनकाल भी खतरे में है। पर्यावरण बचाने को लेकर हम लोगों को पेड़ लगाना बहुत ही जरूरी है। डॉ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि हमने पीपल, नीम, तुलसी अभियान की शुरूआत1991 से की थी। पीपल का वृक्ष से हमलोगों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होता है। साथ ही उन्होंने कहा कि कई जिलों में एवं कई राज्यों में पीपल,नीम, तुलसी का हजारों पेड़ हम लोगों ने लगाए हैं। साथ ही उन्होंने कहां की गांव में जो व्यक्ति पर्यावरण में रुचि रखते हैं कौन है हम पर्यावरण योध्या के रूप में हम सब सम्मानित करेंगे। मौके पर पीपल नीम तुलसी के संस्थापक डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार, चंद्र मोहन पटेल, बीके ठाकुर एवं अन्य लोग मौजूद रहें।

## राम नवमी के मौके पर मसौढ़ी में शोभायात्रा निकाली गई

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, मसौढ़ी /पटना (भोला कुमार)।** राम नवमी के मौके पर मसौढ़ी में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई. राम नवमी के मौके पर पूरा मसौढ़ी राममय हो गया. जय श्रीराम के जयकारे के साथ रामभक्त सड़क पर निकले. मसौढ़ी के श्रीराम जानकी ठाकुरवाडी मंदिर से माता जानकी, भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की झांकी निकाली गई. शोभायात्रा मेन रोड, थाना रोड, कपूर्री चौक होते हुए स्टेशन रोड की ओर निकाली गई. इस दौरान शनि देव मंदिर कमेटी की ओर से भी शोभायात्रा निकाली गयी. सैकड़ों की संख्या में रामभक्त जन्मोत्सव के मौके पर नाचते गाते नजर आए. झांकी में घोड़ा को भी शामिल किया गया। राम नवमी को लेकर हर चौक-चौराहे पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस व दंडाधिकारी की नियुक्ति रही. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, एमडीएम, थानाध्यक्ष अपने पूरे दलबल के साथ सभी चौक-चौराहे पर जुलूस के साथ घूमते दिखे. मसौढ़ी में दो जुलूस निकाले गए हैं वहीं मौके पर जुलूस के संयोजक छोटेलाल ठाकुर , राकेश कुमार, विजय यादव, अभिमन्यु पटेल, बासुकिनाथ, टुनटुन शर्मा, एवं सैकड़ों राम भक्त उपस्थित हुए।

## 14-दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए जारी हुआ नाम-निर्देशन की प्रकिया

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह)।** लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान गुरुवार को 14-दरभंगा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने एवं नाम निर्देशन की प्रक्रिया शुरू होने के अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्री राजीव रौशन द्वारा बताया गया कि सूचना प्रकाशन की तिथि - 18.04.2024 (बृहस्पतिवार), नाम निर्देशन करने की अंतिम तिथि - 25.04.2024 (बृहस्पतिवार), नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा करने की तिथि - 26.04.2024 (शुक्रवार), अभ्यर्थिताएँ वापस लेने की अंतिम तिथि - 29.04.2024 (सोमवार), मतदान की तिथि - 13.05.2024 (मंगलवार) एवं मतगणना की तिथि - 04.06.2024 (बृहस्पतिवार) निर्धारित है। उन्होंने कहा कि नाम-निर्देशन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर को या नगर आयुक्त-सह-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कुमार गौरव को अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा 25.04.2024 (बृहस्पतिवार) से अपश्चत (लोक अवकाश दिन से भिन्न) किसी दिन 11:00 बजे पूर्वाह्न और 03:00 बजे अपराह्न के बीच दरभंगा समाहरणालय स्थित जिला दण्डाधिकारी-सह-समाहर्त्ता, दरभंगा के न्यायालय प्रकोष्ठ में परिदत्त किए जा सकेंगे। नाम निर्देशन-पत्र संवीक्षा के लिए जिला दण्डाधिकारी-सह-समाहर्त्ता, दरभंगा के कार्यालय प्रकोष्ठ में 26.04.2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे लिए जाएंगे। अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना या तो अभ्यर्थी या उसके किसी प्रस्थापक द्वारा (जिसे अभ्यर्थी द्वारा उसे परिदत्त करने के लिए लिखित में प्राधिकृत किया गया हो) रिटर्निंग ऑफिसर को या नगर आयुक्त-सह-सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कुमार गौरव में से किसी को उनके कार्यालय में 29.04.2024 (सोमवार) को अपराह्न 03:00 बजे के पूर्व परिदत्त की जा सकेगी।

## जीविका दीदीयों एवं स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दरभंगा (दिगम्बर कुमार ठाकुर/नीरज कुमार साह)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजीव रौशन के आदेश के आलोक में स्वीप गतिविधियों के तहत स्वीप कोषांग द्वारा शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर जिला स्तर से लेकर प्रखण्ड व पंचायत स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आज सिंहवाड़ा प्रखंड अंतर्गत टेकटैर एवं हरिहरपुर पूर्वी पंचायत में Very Low vtr एवं बूथ संख्या-91,99 पर जीविका दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जागरूकता रैली, रंगोली एवं शपथ ग्रहण संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। बिरौल प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय तरवारा, बूथ संख्या -01 एवं 02 पर जीविका दिदियाँ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, के साथ मतदाता जागरुकता अभियान अंतर्गत जागरूकता रैली, एवं शपथ ग्रहण संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीविका से प्रखंड परियोजना प्रबंधक के द्वारा उपस्थित सभी जीविका दीदियों को दरभंगा मतदान केंद्र, एप्प के बारे में बताया गया। साथ ही सभी के मोबाइल में इसे इनस्टॉल करवाने के साथ ही महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। जीविका दीदियों को मतदान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी,अंचलाधिकारी एवं एवं सीडीपीओ उपस्थित थे। कुशेश्वरस्थान प्रखंड अंतर्गत मसानकोन पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान के लिए अनोखा जीविका महिला ग्राम संगठन के जीविका दीदियों द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली, रंगोली एवं शपथ ग्रहण संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। स्वीप कार्यक्रम के तहत आज दरभंगा जिले के अंतर्गत सभी परियोजना LOW VTR वाले बूथों पर विशेष ध्यान देते हुए जैसे दरभंगा ग्रामीण बूथ नम्बर-72,73 ,हायाघाट , तारडीह,मनीगाछी, बिरौल बूथ न.-16 ,केवटी रनवे,सिंहवाड़ा, जाले, दरभंगा सदर बूथ न.-249,267,268,163, कुशेश्वरस्थान बूथ न .-101,83 ,बहेड़ी , बेनीपुर,गौड़ाबौराम ,केवटी रनवे , बहादुरपुर बूथ न.-235 , हनुमाननगर,संबंधित सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी,सेविकाओं और महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा जगह जगह मतदाता जागरूकता रैली,गृह भ्रमण,रंगोली कार्यक्रम , शपथ ग्रहण,दीवार लेखन, एवं मेंहदी प्रतियोगिता,मतदाता चौपाल,घर-घर दस्तक अभियान भी चलाया गया किया गया।




## देव थाना कांड संख्या 58/23, जी. आर. 21/23 में दो अभियुक्तों को हुई सजा


**मैथिली प्रसंग मगध प्रमंडल ब्यूरो, औरंगाबाद (राजेश मिश्रा)।** व्यवहार न्यायालय में स्पेशल पोक्सो कोर्ट न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने देव थाना कांड संख्या 58/23, जी. आर. 21/23 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने कहा कि अभियुक्त रंजन कुमार और पप्पू कुमार देव औरंगाबाद को भादंवि धारा -354/34, 8 पोक्सो एक्ट और 12 पोक्सो एक्ट में दोषी करार देते हुए 09/04/24 को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया था, सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए दोनों अभियुक्त को भादंवि धारा -354/34 में चार साल की सजा और दस हजार जुमार्ना लगाया है जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी,08 पोक्सो एक्ट में चार साल की सजा और दस हजार जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, तथा 12 पोक्सो एक्ट में दो साल की सजा,दस हजार जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास होगी, सभी सजाएं साथ साथ चलेगी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक नाबालिग पीड़िता के पिता ने 07/03/23 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि सुबह उनकी लड़की फसल काट रही थी, तो अभियुक्तगण नशे में धुत होकर खेत में आ धमके और छेड़छाड़ कर विडियो बनाने लगे, लड़की के हल्ला करने पर अभियुक्त भाग गए, पीड़िता के परिजनों ने जब घटना के जानकारी देने अभियुक्तों के परिजनों के पास गए तो पीड़िता के परिजनों पर लाठी,डंडे, और घातक हथियार से हमला कर घायल कर दिया तब न्याय के लिए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

## 2024-25 में गेहूँ अधिप्राप्ति के लिए 11968 एम०टी० लक्ष्य किया गया निर्धारित

**मैथिली प्रसंग मगध प्रमंडल ब्यूरो, औरंगाबाद (राजेश मिश्रा)।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना द्वारा रबी विपणन मौसम 2024-25 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अन्तर्गत गेहूँ अधिप्राप्ति कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना एवं मार्ग निर्देश संसुचित किया गया है। औरंगाबाद जिला को रबी विपणन मौसम 2024-25 में गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु 11968 एम०टी० लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला में गेहूँ अधिप्राप्ति किसानों से दिनांक 15.03.2024 से 15.06.2024 तक की जायेगी तथा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के गेहूँ संग्रहण केन्द्रों पर अधिप्राप्त गेहूँ उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 22.06.2024 है।रबी विपणन मौसम 2024-25 हेतु गेहूँ के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल है। साथ ही, निबंधक सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना के निदेशानुसार गेहूँ अधिप्राप्ति में रूचि नहीं लेने वाले समितियों को अगले खरीफ विपणन मौसम में धान/चावल अधिप्राप्ति कार्य से वंचित भी किया जा सकता है।जिला पदाधिकारी द्वारा निम्नलिखित निर्देश सभी संबंधितों को दिया गया है।(क) विगत खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में जिन समितियों का चयन धान अधिप्राप्ति करने हेतु किया गया था उन सभी समितियों का चयन रबी विपणन मौसम 2024-25 में गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य करने हेतु किया गया है। साथ ही विगत धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया के अनुसार ही अकार्यरत/प्रमादी समितियों से संबंधित पंचायत की संबद्धता क्रियाशील पैक्सों के साथ पूर्ववत रहेगी।(ख) जिलान्तर्गत सभी प्रखण्डों/कलस्टरों के संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी रबी विपणन मौसम 2024-25 में गेहूँ अधिप्राप्ति हेतु संबंधित प्रखण्डों/कलस्टर के नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। वे इस पूरी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का ससमय निष्पादन सुनिष्चित करेंगें तथा सरकारी खाद्यान्न के सुरक्षा इत्यादि हेतु सतत अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे।(ग) जिला सहकारिता पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों को एक लौट (29 एम०टी०) तथा सभी व्यापारमंडलों को दो लौट (58 एम०टी०) का प्रारंभिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवश्यकतानुसार समितियों को पर्याप्त लक्ष्य उपलब्ध कराना जिला सहकारिता पदाधिकारी, औरंगाबाद सुनिश्चित करेंगे तथा संबंधित सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अनिवार्य रूप से सभी पंचायतों से उच्च प्राथमिकता देते हुए गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य अविलंब आरंभ कराना सुनिश्चित करेंगे।(घ) गेहूँ अधिप्राप्ति कार्य हेतु सभी चयनित समितियों को नियमानुसार पर्याप्त राशि, प्रबंध निदेशक, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, औरंगाबाद द्वारा उपलब्ध कराया जा चुका है। (ड़) जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम, औरंगाबाद द्वारा गेहूँ क्रय करने हेतु समितियों को अग्रिम गनी बैग उपलब्ध कराया जायेगा।

## शोभा यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से व्यवस्थित बनाए रखने में जिला प्रशासन की राही अहम भूमिका: आदित्य

**मैथिली प्रसंग मगध प्रमंडल ब्यूरो, औरंगाबाद (राजेश मिश्रा)।** जिले के समाजसेवी आदित्य श्रीवास्तव ने औरंगाबाद शहर में रामनवमी पूजा शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर जिला प्रशासन एवं पत्रकार बंधु एवं सभी सामाजिक कार्यकताओं के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से शहर के रामनवमी पूजा शोभायात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से व्यवस्थित बनाए रखने में जिला प्रशासन का सबसे बड़ा अहम भूमिका रहा शोभायात्रा के दौरान प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही वही प्रशासनिक सहयोग में शहर की सामाजिक कार्यकर्ता भी पूरी तरह तैनात रहे जिला प्रशासन के प्रति एवं सामाजिक कार्यकताओं की प्रति हम अपना आभार व्यक्त करते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान भी शहर में एक अनुशासन रूप से एवं शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्रा संपन्न होना जिले के लिए एक एकता का परिचालक है, जो की आने वाले समय में सदभावना का परिचय देगा, यह एक आपसी समन्वय को जोड़ने का परिचालक साबित होगा, इस बार सामाजिक कार्यकताओं का सहयोग काफी सराहनीय रहा जिनके बदौलत शांति में माहौल से शोभायात्रा को संपन्न कराया जा सका, रामनवमी शोभायात्रा में हजारों हजार की तादाद में श्रद्धालुओं को शामिल होना इस बार राम भक्तों की खुशी जाहिर करती है कि 500 वर्षों के संघर्षों के बाद मंदिर निर्माण से लोगों में इस बार की रामनवमी में एक अलग उत्साह एवं उमंग थी, इसलिए सभी राम भक्त ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की अनुकरण करते हुए अनुशासन रूप से शोभा यात्रा में शामिल हुए और शोभायात्रा के खूबसूरती को बढ़ाया, रामनवमी पूजा सत्य की जीत को स्थापित करता है, इस त्यौहार को मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि हमारे अंदर ज्ञान की प्रकाश का उदय हो, उन्होंने लोकसभा के प्रथम चरण के चुनाव के लिए सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि आप सभी अपने मत अधिकार का इस्तेमाल अवश्य करें, और लोकतंत्र के इस महापर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में आप सभी प्रशासनिक सहयोग करें।



## गौरीचक के सफार्बाद डायवर्सन में गिरकर बाइक सवार दो युवकों की मौके पर हुई मौत

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, संपतचक/पटना (राजीव रंजन सिंह)।** गुरुवार की सुबह करीब 6:00 बजे गौरीचक थाना क्षेत्र के सफार्बाद डायवर्सन जो पटना गया राजकीय राजपथ एक में नवनिर्मित फोरलेन के लिए बन रहे पुल के कारण डायवर्सन बनाया गया है। इसी डायवर्सन में बाइक सहित गिरने से बाइक सवार दो युवकों की घटनास्थल पड़ ही मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिला के थरथरी थाना क्षेत्र के मेहतरमा निवासी संतोष बिन्द का करीब 25 वर्षीय पुत्र आशुतोष कुमार एवं वीरमणि बिन्द का करीब 30 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है।दोनों मृतक गौरीचक थाना क्षेत्र के बेलदारी टोला निवासी सिनोद बिन्द की पुत्री की शादी में शामिल होने आ रहा था। इसी क्रम में सफार्बाद के पास बने डायवर्सन में बाइक सहित गिरने से दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गौरीचक पुलिस दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है जबकि दोनों की मृत्यु की खबर से मेहतरमा गांव में चीत्कार मच गया।



## मोटरसाइकिल के चपेट में पैदल चल रहें पति-पत्नी को रौंदा, महिला की हुई मौत


**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज ओबरा पथ के बौर गांव के समीप रफीगंज की ओर आ रही अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पैदल जा रहे पति-पत्नी को रौंदा दिया। जिससे फदरपुरा गांव निवासी योगेंद्र प्रसाद मेहता घायल हो गए तथा 52 वर्षीय उनकी पत्नी चंद्रावती देवी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मृतिका के पुत्र लौकेश कुमार ने बताया कि घर से ऑटो पकड़ने के लिए मेरे माता-पिता निकले थे। उनको दाउदनगर के राम विगहा गांव जाना था। इसी बीच घटना घटी। बाइक चलाक ने बताया कि आज मेरे साला राहुल कुमार का तिलक था। पौथू थाना क्षेत्र के मिसिर बिगहा गांव से सरहज एवं उनका 6 वर्षीय बच्चा को लेकर आ रहे थे। इसी बीच उनका बच्चा सोने लगा, बच्चा को जगाने के क्रम में यह घटना घटी।

## गेहूं की फसल में लगी आग, अग्निशमन ने पाया आग पर काबू

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज कासमा पथ के वार्ड नंबर 16 नगर पालिका बोर्ड के समीप शहर के राजा बिगहा निवासी किसान वीरेंद्र यादव के गेहूं की फसल में आग लग गई। आग लगी की सूचना मिलते ही अग्निशमन मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की सहयोग से आग पर काबू पाया। किसान वीरेंद्र यादव ने बताया कि इस आगलगी की घटना में दो बीघा से अधिक के गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

## पुरानी पेंशन लागू नहीं होने पर भारतीय कर्मचारी संघ ने निर्दलीय प्रत्याशी को मत देने का लिया निर्णय

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के पौथू में भारतीय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिथिलेश प्रसाद सिंह ने अपने सहयोगी कर्मचारी के साथ बैठक किया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा की पुरानी पेंशन पुरानी लागू नहीं किया गया एवं पंचायत शिक्षकों का राज्य कर्मी का दर्जा नहीं दिया गया। जिसके प्रति नाराजगी जताया । और कहा कि भारत सरकार द्वारा पुराने पेंशन बहाल करने के लिए भारत के सभी कर्मचारी एकजुट हो गए हैं। और अपनी मांग को लेकर अब किसी के पास नही जायेंगे। दलगत उम्मीद्वार एवं प्रतिनिधि का हम लोग के प्रति जुबान बंद है। कारण अब हम लोग निर्दलीय प्रत्याशी का मत देने का निर्णय लिए हैं।एवं कहा कि दुसरे मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा कि ह्लपहले दिल के टुकड़े हजार थे अब एक हुए एक हुए,उन्होनें कहा कि प्रत्येक जिला स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा होने चाहिएं पैसा के आभाव में गरीब छात्र बाहर नहीं जाते।मेधावी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा से वंचित हो जाते हैं। आकस्मिक छुट्टी, गर्मी छुट्टी को रद किए जाने के कारण आक्रोश जताते हुए कहा कि जो भी कर्मचारी मतदान के दौरान जाते हैं।तो किसी भी प्रकार के दुर्घटना होने पर सभी प्रकार के मुआवाजा मिलना चाहिए। उन्होनें पंचायत स्तर पर अनाज भंडारण, कोल्ड स्टोरेज, मंडी, किसानो को कृषि कार्य हेतु सामाग्री में 50 प्रतिशत के अनुदान राशि मिलनी चाहिए।



## औरंगाबाद से RJD प्रत्याशी के खिलाफ ECI में शिकायत, जाति के नाम पर वोट मांगने का लगा आरोप

**मैथिली प्रसंग जिला ब्यूरो, औरंगाबाद (कुणाल सिंह)।** औरंगाबाद लोकसभा से राजद के प्रत्याशी अभय कुमार सिन्हा उर्फ अभय कुशवाहा के विरुद्ध भाजपा ने चुनाव आयोग का दरवाजा खटखटाया है। भाजपा ने कुशवाहा के खिलाफ मुख्य निर्वाचन आयुक्त के समक्ष आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करवाया है। इस शिकायत में कहा गया है कि अभय कुशवाहा ने सोशल मीडिया पर अपनी जाति के नाम पर पर वोट देने की अपील की है। दरअसल, शिकायत में कहा गया है कि उक्त प्रत्याशी ने अपने को अभय कुशवाहा बताते हुए इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी जाति के आधार पर वोट देने की अपील की है। इसमें फेसबुक एवं एक्स अभय कुशवाहा पर वीडियो पोस्ट किया है। शिकायत में इंटरनेट मीडिया पर वायरल पोस्टर की प्रति भी संलग्न की गई है। जिसके बाद भाजपा ने बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त समेत, बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ औरंगाबाद के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में कहा गया है कि ऐसा किया जाना न सिर्फ जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा 123(3) का उल्लंघन है बल्कि आइपीसी की धारा 171(सी) के साथ 171(एफ) का भी उल्लंघन है। शिकायत भाजपा न्यायिक मामले के राज्य प्रमुख वरीय अधिवक्ता एसडी संजय ने दर्ज करवाई है। इसको लेकर जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार ने बताया कि संजय के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव मिश्रा, दीपक वर्मा व प्रियंका राजलक्ष्मी भी मौजूद थे। औरंगाबाद नगर थानाक्षेत्र में फार्म के समीप एक होटल में संचालित राजद के चुनाव कार्यालय पर बुधवार की सुबह छापेमारी की गई थी। इस दौरान यहां जमकर हंगामा भी हुआ। छापेमारी के दौरान टीम ने पचास हजार कैश और चुनाव प्रचार सामग्री जब्त की थी। इधर, राजद कार्यकताओं द्वारा प्रशासन पर जानबूझकर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। औरंगाबाद से अभय कुशवाहा आरजेडी से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने नीतीश की पार्टी जेडीयू छोड़कर हाल ही में लालू प्रसाद के पार्टी राजद का दामन थामा था।



## एकवारी में रामनवमी पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)।** प्रखंड क्षेत्र के एकवारी गांव में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में झूमते लोगों ने माहौल को राममय बना दिया। एकवारी गांव में यह दूसरी बार शोभायात्रा निकाली गई लेकिन इस साल की शोभायात्रा भव्यता के साथ आकर्षक दिखाई दे रही थी। शोभा यात्रा में शामिल सहार- पूर्वी जिला पार्षद मीना कुमारी व भाजपा के नेता घनश्याम राय शोभा यात्रा में झुमते नजर आए। शोभा यात्रा एकवारी के बुढ़िया माई के प्रांगण ( महामाया स्थान)से निकल कर गांव के दक्षिण पट्टी , नहर रोड़ होते हुए पुनः महामाया स्थान पहुंची। गाजे बाजे के साथ लाठी डंडे व पारम्परिक हथियारो से सुसज्जित होकर सैकड़ों की संख्या में रामभक्त जय श्री राम के उद्घोष के साथ झुमते नजर आए। शोभा यात्रा महामाया स्थान पर एकत्रित हो कर पूजा अर्चना कर समाप्त किया गया। शोभा यात्रा का संचालन सुभाष राय कर रहे थे वहीं प्रकाश कुमार, उज्जवल कुमार, हिमांशु कुमार की सक्रिय भागीदारी रही ।



## गेहूं के खड़ी फसल में लगी भीषण आग

**मैथिली प्रसंग रोहतास, सोनू कुमार। बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के काराकाट प्रखंड के विभिन्न गांवों में आज आग का भयावह रूप देखा गया ,जहां गेहूं की खड़ी फसल को अपने चपेटे में लेकर दर्जनों किसानों का छिना निवाला।आग के चपेट में काराकाट थाना क्षेत्र के मोहनपुर, बरना, डिहरा , मुंजी, मुरारपुर, बडीहा सहित कई गांव के बधार आ गए। दुआरी, डिहरा,भरथ कस्बा, बेदवलिया इत्यादि गांव इससे प्रभावित हुए हैं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण आज का रूप भयावह्न हो गया ।एक कारण बिजली का ना होना भी बताया जा रहा है ,जिसके चलते पानी की अनुपलब्धता ग्रामीणों को झेलना पड़ा और देखते ही देखते इन सभी गांवों के पचास बीघा से ऊपर का फसल बर्बाद हो गया।

## सहार में 92 अप्रशिक्षित शिक्षक पिछले कई वर्षो से कार्यरत

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, सहार/भोजुपर (दिलीप कुमार)।** स्थानीय प्रखंड में 92 अप्रशिक्षित शिक्षक पिछले कई वर्षों से अपना सेवा देते आ रहे है। इस विषय में भ्रष्टाचार मुक्त स्वयं सेवी संगठन के सचिव श्याम बिहारी राय ने बताया की हमने चार जनवरी को माननीय प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड नियोजन इकाई सहार को लेटर देकर उन सभी अप्रशिक्षित शिक्षको का ब्योरा का मांग किया है,जो जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर आरा के आदेश आने के बाद भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

**प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की सरकारी नंबर कई दिनों से बंद**

स्थानीय सहार प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी गुलाम सरवर की सरकारी नंबर पिछले कई दिनों से बंद पड़ा है। दूसरा नंबर प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी द्वारा दिया गया फोन लगी लेकिन फोन रिसीव नहीं किया जा रहा है। इस विषय की जानकारी लेने हेतु प्रखंड रिपोर्टर के द्वारा कई बार ट्राई किया जा रहा है लेकिन मोबाइल बंद होने के कारण इस विषय की जानकारी नहीं मिला सका है।

## कोयल बीघा गांव में 200 विगहा गेहूं के फसल में लगी आग उग्र किसानों ने किया सड़क जाम

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, नालंदा (राकेश कुमार)।** थरथरी प्रखंड स्थित थरथरी बाजार के अहरा खंधा में लगे एक बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई बताया जाता है कि खंधा से बिजली की जर्जर तार गई थी बिजली की तार स्पार्क किया और चिंगारी गेहूं की फसल पर गिरी जिससे फसल में आग लग गई आग लगी कि सूचना पर स्थानीय ग्रामीणों एवं अग्निसवक कमीयो कि तत्परता से आग पर काबू पाया गया ज्ञात हो की एक दिन पूर्व भी कोयल बीघा गॉव में करीब 200 बीघा गेहूं की फसल में आग लगी कि घटना हुई इस भयानक आग लगी से करीब 47 किसानो की पूरी फसल जलकर खाक हो गई पीड़ित किसानों ने आग लगी की सूचना स्थानीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई जिस के बाद जनप्रतिनिधियों के नकारात्मक जवाब के बाद आक्रोशित किसानों ने घंटो थरथरी हिलसा मार्ग को जाम कर उग्र प्रदर्शन कर मुआवजे की मांग करने लगे विरोध प्रदर्शन कर रहे किसानों को हिलसा अनुमंडलधिकारी एवं पुलिस उपा अधीक्षक ने किसानों को समझा बुझा कर जाम को हटाया गया उक्त मार्ग को चालू कराया।



## केंद्र की योजनाओं का हवाला देकर एनडीए प्रत्याशी लेना चाहते हैं लाभ

**मैथिली प्रसंग रोहतास ब्यूरो,सोनू कुमार। संझौली (रोहतास)।** लुक चुनावी दंगल में विभिन्न प्रत्याशियों ने लोगों को लुभाने का प्रयास तेज कर दिया है । मंगलवार को काराकाट लोकसभा के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की उम्मीदवार तथा राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष सह पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री उपेंद्र कुशवाहा ने संझौली प्रखंड के अंतर्गत चैता बहोरी के यज्ञ स्थल पर विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण एवं जनसंवाद का कार्यक्रम संपन्न किया। यज्ञ कमेटी के द्वारा उपेंद्र कुशवाहा को अंग वस्त्र देकर मठाधीश उमाशंकर दास ने स्वागत किया। उनमें चरपुरवा टोला, चवरिया टोला बाजितपुर, चैता,इंग्लिश, उदयपुर संझौली ,सोनी टोला ,गंगाजल मठ करमैनी ,जिगनी, मिश्रवलिया, राजाडीह आदि स्थानों पर लोगों से रूबरू हुए। जन संवाद के क्रम में भारत सरकार तथा बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ उठाने का आग्रह किया ।साथ ही एनडीए के पक्ष में मत देने का भी निवेदन किया। बातचीत करते हुए कहा, कि मोदी जी की सरकार ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, आप भी अपने मतदान उनके पक्ष में करके उनके संकल्प में शामिल होइए। मौके पर उपस्थित शत्रुध्न चौधरी, आकाश पटेल, प्रमोद पटेल, उमाशंकर दास जी महाराज कई लोग मौजूद रहे।




## रामनवमी शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़

**मैथिली प्रसंग रोहतास ब्यूरो,सोनू कुमार। संझौली (रोहतास)।** नगर परिषद नोखा के महावीर मंदिर के प्रांगण से रामनवमी शोभा यात्रा निकाली गई। इस रामनवमी शोभायात्रा में नोखा नगर परिषद के अलावा प्रखंड के लोग उपस्थित होकर के जय श्री राम के नारों पर खूब थिरके। नाचते गाते हुए जय श्री राम के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। सभी लोगों के मुख में एक ही नारा था, जय श्री राम जहां पर की राम, लक्ष्मण, सीता की झांकी थी तो हनुमान की झांकी के साथ लोग शामिल हुए। इस झांकी के माध्यम से रावण की लंका दहन और हनुमान की बांदरी सेना का भी प्रदर्शन किया गया। यह झांकी महावीर मंदिर से शुरू किया गया जो की बस स्टैंड पहुंच और बस स्टैंड से मुख्य बाजार होते हुए गढ़ मोड और सूर्य मंदिर पोखर होते हुए इंद्रपुरी मोहल्ला और मुख्य बाजार में आकर के नोखा नहर डग पर संपन्न किया गया। प्रशासन द्वारा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा में मस्जिद के पास घेराबंदी की गई और बाजार जाने वाले गाड़ियों को रोक दिया गया। इसमें सासाराम डीएसपी वन आशुतोष रंजन, सासाराम डीएसपी 2 कुमार वैभव के अलावा नोखा वीडियो अतुल गुप्ता, सीओ मधुसूदन चौरसिया, पुलिस इंस्पेक्टर सुरेश रविदास, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार, श्रवण कुमार, नोखा थाना के सभी कर्मी के अलावा सभी प्वाइंटों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई। रामनवमी शोभा यात्रा का नेतृत्व पूर्व जिला परिषद सदस्य रवि शंकर सिंह ने किया। मौके पर पूर्व नगर पंचायत के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिंह, श्यामलाल सिंह, शंभू सिंह, विजय पटेल, अनुज कुमार ,दिनेश कुमार, वीर बहादुर सिंह, सुनीता गुप्ता जो की महिला सशक्तिकरण को देखने को मिला। महिला भारत माता की शक्ति का बोध कर रही थी। मौके पर संध्या श्रीवास्तव और भाजपा नेता विजय सिंह, विवेक कुमार सिंह, सूर्यदेव प्रसाद, अनिल चौधरी, हनुमान सहित हजारों व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्य बाजार में जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए शरबत पानी की व्यवस्था की गई थी। जहां पर काली मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मनोज चंदेल के नेतृत्व में और पुष्पांजली स्वीट्स के पास धनजी प्रसाद और चंदन कुमार सहित बाजार में कई जगहों पर कड़ाके की गर्मी से राहत दिलाने के लिए पानी की व्यवस्था की गई थी। इस बार जुलूस में डीजे नहीं बजा और लोग तलवार लेकर के शस्त्र पूजा के बाद घूमते हुए नही दिखाई दिए। वही कार्यक्रम में नगर परिषद के सभापति राधेश्याम सिह, उपसभापति धनजी सिंह के अलावा मंटू केसरी और कई गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।



## संपादकीय

# सिर पर छत का हक

लखनऊ के अकबरनगर की अवैध कॉलोनियों को ढहाए जाने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी के गहरे अर्थ हैं कि सिर के ऊपर छत लोगों का मूलभूत अधिकार है। देश की पिछली जनगणना के आंकड़ों के आलोक में इस टिप्पणी का मानवीय महत्व कहीं बेहतर समझा जा सकता है। साल 2011 की जनगणना ने हमें बताया था कि देश में 17.5 लाख से अधिक लोगों के पास छत नहीं है। सर्दी, गरमी और बरसात में वे फुटपाथों पर जीने को मजबूर हैं। पिछले 13 वर्षों में यह आंकड़ा घटा या बढ़ा इसका पुख्ता प्रमाण तो हमें अगली जनगणना से ही मिलेगा। निस्संदेह, सरकारें इस समस्या से गाफिल नहीं हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सभी बेघरों को पक्की छत मुहैया कराने का संकल्प इसकी तस्दीक करता है। इस मामले में प्रयास भी हो रहे हैं, मगर विडंबना यह है कि एक तरफ निर्माण की कवायद हो रही है, तो दूसरी ओर जगह-जगह अवैध बस्तियों के ढहाए जाने से कई परिवार बेघर भी हो रहे हैं। ऐसे में, शीर्ष अदालत का यह कहना बिल्कुल वाजिब है कि किफायती दर पर घर मुहैया कराने में सरकारी नीतियों की नाकामी ने अवैध बस्तियों का विस्तार किया है। यह किसी एक प्रदेश या शहर की बात नहीं है, देश के तमाम महानगरों और छोटे-बड़े शहरों के सामने अवैध कॉलोनियों की गंभीर समस्याएं हैं। जाहिर है, ये रातोंरात नहीं उग आईं। स्थानीय रसूखदारों और सरकारी अधिकारियों की सांठगांठ ने इनका विस्तार किया है। फिर इनमें से कई तो दशकों पुरानी हैं। कहने की आवश्यकता नहीं, ऐसी बस्तियों को खाली कराते समय अतिरिक्त संवेदनशीलता बरती जानी चाहिए। विस्थापित होने वाले लोग देश के ही नागरिक हैं और उन्हें विकल्प मुहैया कराने का दायित्व भी तंत्र का ही है। हमने पूर्व में देखा है कि राजधानी दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान यमुना किनारे बसी अनेक बस्तियां दूसरी जगहों पर शांतिपूर्वक स्थानांतरित की गईं। दुर्योग से सरकारों की अच्छी मंशा भी कई बार तंत्र का शिकार हो जाती है। बुल्डोजर तो उपयोग के लिए ही बने हैं, मगर वे इस्तेमाल के लिए मानवीय विवेक की भी मांग करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उचित ही तंत्र को यह बताया है। निस्संदेह, सरकारी भूमि के किसी भी अतिक्रमण का बचाव नहीं किया जा सकता। अवैध कॉलोनियों के निर्माण से शहरी प्रबंधन पर भी तमाम तरह के दबाव बढ़ते हैं। इनमें रहने वालों की ओर से सड़क, परिवहन, विद्युत, जलापूर्ति आदि तमाम बुनियादी जरूरतों की मांग होती है। मगर सवाल है कि ऐसी कॉलोनियों के बसते समय तंत्र में बैठे कितने जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई होती है? राजनीतिक वोटों के लोभ में अनेक बस्तियों को नियमित किए जाने से भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा मिला है। इसलिए वक्त आ गया है कि सरकारें अपने-अपने राज्यों में ऐसी योजनाएं शुरू करें, जिनसे किफायती दर पर लोगों को घर उपलब्ध हो सके। केंद्र सरकार के आकलन के मुताबिक, साल 2030 तक चालीस फीसदी भारतीय आबादी शहरों में रह रही होगी।

## प्रसंग



बलवान सिंह
पत्रकार एवं समाजसेवी

# फूलों की खेती ने बदली किसान की तकदीर... कम लागत में कमा रहा अच्छा मुनाफा

बाराबंकी जिले के सहेलियां गांव के रहने वाले किसान अमन ने एक बीघे में गुलाब की खेती की शुरूआत की, जिसमें उन्हें अच्छा फायदा हुआ है। आज वह करीब तीन बीघे में गुलाब की खेती कर रहे हैं।

गुलाब की खेती व्यावसायिक स्तर पर करके अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। गुलाब की खेती बहुत पहले से पूरी दुनिया में की जाती है। इसकी खेती पूरे भारतवर्ष में व्यवसायिक रूप से की जा रही है। गुलाब के फूल डाली सहित या कट फ्लावर तथा पंखुड़ी फ्लावर दोनों तरह के बाजार में व्यापारिक रूप से पाये जाते हैं। गुलाब की खेती देश व विदेश में निर्यात करने के लिए दोनों ही रूप में बहुत महत्वपूर्ण है। वहीं आपको बताते चले की जिले का एक युवा किसान फूलों की खेती से अच्छा मुनाफा कमा रहे है। इस खेती से उन्हें लागत के हिसाब से अच्छा मुनाफा भी मिल रहा है।

बाराबंकी जिले के सहेलियां गांव के रहने वाले युवा किसान अमन ने एक बीघे में गुलाब की खेती की शुरूआत की, जिसमें उन्हें अच्छा फायदा हुआ है। आज वह करीब तीन बीघे में गुलाब की खेती कर रहे हैं। इस खेती से लगभग उन्हें तीन से चार लाख रुपये मुनाफा प्रतिवर्ष हो रहा है। यह खेती उनके लिए सब्जी और अन्य किसी भी सामान्य फसलों की तुलना में ज्यादा लाभकारी साबित हुई है। गुलाब के फूल की खेती करने में लागत बहुत कम आती है और वहीं अन्य फसलों की अपेक्षा आय भी अधिक होती है। यहीं नहीं फूलों की खेती करने में खेत की उर्वरक क्षमता में भी कोई असर नहीं पड़ता, क्योंकि फसल की पैदावार के लिए कोई भी कीटनाशक दवा का उपयोग नहीं करना पड़ता है।

**गुलाब की खेती फायदे का बिजनेस**



गुलाब की खेती करने वाले किसान अमन ने बताया पहले हम मेंथा, धान, गेहूं आदि की खेती करते थे। जिसमें मुझे कोई फायदा नजर नहीं आ रहा था। फिर हमें फूलों की खेती के बारे में जानकारी हुई, तो हमने एक बीघे से गुलाब की खेती की शुरूआत की। जिसमें हमें अच्छा मुनाफा देखने को मिला। आज करीब तीन बीघे में गुलाब की खेती कर रहे हैं जिसमें लागत करीब 25 से 30 हजार रुपये आती है। क्योंकि इसमें पौधा, खाद, पानी, लेबर व जुताई का खर्च थोड़ा ज्यादा आ जाता है और मुनाफा करीब एक फसल पर तीन से चार लाख रुपए तक हो जाता है। गुलाब के पेड़ की कटिंग से भी गुलाब के पौधे लग जाते हैं। ऐसे में एक बार यह पौधे लगाने पर साल में दो बार अच्छी मात्रा में फूल देते हैं।

**इसकी खेती करना बहुत ही आसान**

किसान अमन ने बताया गुलाब की खेती कई तरह से की जाती है लेकिन मैं कलम विधि का प्रयोग करता हूं। गुलाब की खेती के लिए सबसे पहले खेत की जुताई दो से तीन बार करनी पड़ती है. उसके बाद खेत को समतल कर गोबर की खाद का छिड़काव किया जाता है फिर एक से डेढ़ फीट की दूरी पर गुलाब के पौधे को लगा देते हैं फिर इसकी सिंचाई करते हैं। महज 3 महीने में पेड़ तैयार हो जाता है फिर इसके फूलों को तोड़कर बाजारों में बेच देते है। यह फसल 7 से 8 महीने तक चलती है जिसको कई बार बाजारों में बेचा जा सकता है।

## मध्यप्रदेश/उत्तरप्रदेश/बिहार/झारखंड

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के पूर्व संध्या पर युवा मोर्चा ने निकाली जन जागरण वाहन रैली

## पहली बार महिलाओं ने की जन जागरण वाहन रैली की अगुवाई

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 अप्रैल के दमोह आगमन की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला दमोह द्वारा विशाल जन जागरण वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गो से निकली गई जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकताओं की उपस्थिति रही।

वाहन रैली जिला भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए जिला भाजपा कार्यालय में समाप्त हुई। रैली में जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, संभाग प्रभारी मुकेश चतुवेर्दी, लोकसभा प्रभारी विनोद यादव, दमोह लोकसभा प्रत्याशी राहुल सिंह, लाभार्थी संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक सिद्धार्थ मलैया, प्रधानमंत्री कार्यक्रम प्रभारी अभिषेक भार्गव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री संजय राय, युवा मोर्चा लोकसभा प्रभारी अरुण तिवारी, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शुभम चौधरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन आदि सम्मिलित हुए। वाहन रैली का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा युवा मोर्चा की जन जागरण वाहन रैली की अगुवाई करना रहा। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन ने बताया कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को दमोह पधार रहे हैं, प्रधानमंत्री के दमोह आगमन की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए जन जागरण वाहन रैली का आयोजन किया गया एवं प्रधानमंत्री के आगमन के लिए नगर वासियों एवं युवाओं को आमंत्रित किया। युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के झंडे का वह डंडा है जिस पर भाजपा का परचम लहराने का दारोमदार सदैव रहता है।

# मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रैली एवं संपर्क अभियान का किया गया आयोजन

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।**




लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वीप सखी द्वारा मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन आधिकारी तीनेंद्र अहिरवार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला कुंडलपुर विकासखंड पटेरा के विभिन्न स्थानों पर गांव-गांव में जा जाकर महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। नवजीवन सीएलएफ की तरफ से बनवार में भी मतदाताओं को घर-घर जाकर 26 अप्रैल 2024 के दिन मतदान करने के लिए महिला कार्यकताओं द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम तेंदूखेड़ा में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें युवा एवं किशोरो द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता की तख्तियों में लिखे जागरूकता के स्लोगन एवं संदेश से नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया गया और उनसे मतदान दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या पर मतदान करने की अपील की गई।

# बालक छात्रावास का एसडीएम हटा ने किया औचक निरीक्षण

**छात्रावास बंद पाया गया चौकीदार रमपतिया अहिरवार, रसोइया नीतू अहिरवार और रेखा अहिरवार अनुपस्थित पाये गये**

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, दमोह (के.डी. जैन)।** हटा एसडीएम राकेश सिंह मरकान ने आज शासकीय अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास हटा का औचक निरीक्षण करने पर छात्रावास बंद पाया गया । निरीक्षण के दौरान चौकीदार रमपतिया अहिरवार, रसोइया नीतू अहिरवार और रेखा अहिरवार अनुपस्थित पाए गए। अधीक्षक सरजू प्रसाद अहिरवार द्वारा बताया गया कि छात्रावास में वर्तमान में केवल एक ही छात्र निवासरत है, शेष छात्र अवकाश एवं त्यौहार होने के कारण अनुपस्थित हैं।




एसडीएम श्री मरकाम द्वारा उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किए जाने पर पाया गया कि रजिस्टर अप्रैल माह से भरा नहीं गया है। साथ ही रसोई के अवलोकन से यह ज्ञात हुआ कि सुबह का नाश्ता एवं खाना की कोई तैयारी नहीं की गई है। इस बारे में छात्र सुनील अहिरवार से चर्चा करने पर बताया गया कि आज का नाश्ता नही मिला है। अधीक्षक के घर से कल का खाना आया था। कम बच्चे होने के कारण रसोईये ने खाना नही बनाया है।

# दो स्कूलों के प्रधान अध्यापकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला समिति को लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाये**

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा जारी आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समिति सचिव एसके नेमा ने प्रधान अध्यापक सोफिया स्कूल किल्लाई नाका एवं प्रधान अध्यापक आरसी पब्लिक स्कूल पटेरा को कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि सूचना पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर जिला समिति को लिखित में अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाये। निर्धारित समय-सीमा में पक्ष प्रस्तुत न करने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी जिसके लिये स्कूल प्रबंधन स्वयं उत्तरदायी होगा। जारी आदेश में कहा गया है गंभीर शिकायत के अनुक्रम में क्यों न संबंधित के विरूद्ध मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 6 (1)(ग) निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा पाठ्यपुस्तकों का निर्धारण ऐसे संबद्धता बोर्ड के विनियमों के अनुसार विनिश्चित किया जाएगा जिससे वह संबद्ध है, उल्लंघन फलस्वरूप मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम 2017 की धारा 10(2) के अंतर्गत रुपए दो लाख तक की शास्ति अधिरोपित करने एवं इसके अतिरिक्त धारा 10(5) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विद्यालय की मान्यता को निलंबित/रद्द करने की अनुशंसा सक्षम प्राधिकारी को की जाए।

# निडर एवं निर्भिक होकर करें मतदानः लक्ष्मीकात

**डिवाइन लाइट स्कूल में स्कूल स्टाफ ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प**

**हरिद्वार।** मतदान दिवस के पूर्व डिवाइन लाइट स्कूल व चेतना पथ का मतदाता जागरुकता मिशन में मतदाताओं को निष्पक्ष व निर्भीक मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर डिवाइन लाइट स्कूल, जगजीतपुर के समस्त स्टाफ तथा प्रतिनिधि छात्रों को कल (शुक्रवार को) होने वाले लोकसभा के सामान्य निर्वाचन में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने तथा निर्भीकता व निष्पक्षता के साथ मतदान के लिये प्रेरित करने हेतु शपथ दिलाया गया। यह शपथ विद्यालय के निदेशक लक्ष्मीकान्त सैनी ने दिलाई।

इस अवसर पर मासिक पत्रिका 'चेतना पथ' द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अन्तर्गत तैयार 'मतदान प्रथम' नामक अपील को मतदाताओं तक पहुँचाने के लिये प्रतिनिधि विद्यार्थियों व शिक्षकों व कर्मचारियों को वितरित किया गया। साथ ही इस अपील को विद्यालय प्रशासक किरण मिश्री ने सबको पढ़ कर भी सुनाया। चेतना पथ पत्रिका के सम्पादक अरुण कुमार पाठक ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं को प्रेरित करते हुए एक वोट की ताकत समझाने वाली कविता 'अबकी हम सब मिलजुल करके वोट डालने जायेंगे' प्रस्तुत की।



# द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हरिद्वार (विकास कुमार झा)।** वाद कारियों को सस्ता एवं सुलभ न्याय दिलाने के लिए उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर वर्ष 2024 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश सिकंद कुमार त्यागी की अध्यक्षता में हरिद्वार, रुड़की व लक्सर के न्यायालय परिसरों में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अभय सिंह ने बताया कि इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मार्च 2024, को आयोजित की गई थी। द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 11 मई 2024 को तथा तृतीय 14 सितंबर 2024 व चौथी 14 दिसंबर 2024 में आयोजित की जाएगी। इन राष्ट्रीय लोक अदालत में फौजदारी के शमनीय मामले,चेक बाउंस,बैंक धन वसूली केस, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद,लेबर वाद,पारिवारिक मामले,राजस्व वाद व अन्य प्रकार के मामलों का निस्तारण पक्षकारों की आपसी सहमति व समझौते के माध्यम से किया जाएगा।

# महंत पर हमला करने वाले शिष्य को 7 वर्षों की सजा

**मैथिली प्रसंग ब्यूरो, हरिद्वार (विकास कुमार झा)।** भूपतवाला स्थित श्री कल्याण आश्रम के परमाध्यक्ष पर जानलेवा हमला करने के मामले में चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आर के श्रीवास्तव ने उनके शिष्य को दोषी पाते हुए 7 साल की कठोर कैद तथा दस हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता नीरज गुप्ता ने बताया कि 30 में 2022 को श्री कल्याण आश्रम के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कमलानंद गिरी अपने आसान दारी राकेश के साथ प्रतिदिन की तरह एक नंबर ठोकर पर मछली को आटा खिलाने के लिए गए थे तभी अचानक वहां पर उनके शिष्य गिरीशानंद ने पीछे से आकर उनकी गर्दन पर जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया था।जिससे महामंडलेश्वर कमलानंद गिरी की गर्दन एवं हाथ पर गंभीर चोटें आई थी। मौके पर मौजूद लोगों एवं आसानदारी राकेश ने उन्हें बचाया था। आरोपी मौके से चाकू लेकर फरार होने में कामयाब हो गया था। घटना की रिपोर्ट राकेश पुत्र ओमप्रकाश ने 1 जून 2022 को नगर कोतवाली में दर्ज कराई थी । पुलिस ने आरोपी गिरीशानंद शिष्य स्वामी कमलानंद निवासी मुखिया गली भूपतवाला को 2 जून 2022 को गिरफ्तार किया था और उसके निशान देही पर घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया था।

# रीछ द्वारा तीन घायल व्यक्तियों को वन विभाग के द्वारा चिकित्सालय पहुँचकर दी गई तात्कालिक सहायता राशि

**मैथिली प्रसंग संवाददाता, दमोह (सौरभ जैन)।** जिले के वन परिक्षेत्र तेन्दूखेड़ा अंतर्गत गौशाला तेन्दूखेडा एवं कृषि मण्डी तेन्दूखेड़ा खकरिया रोड के पास तीन व्यक्तियों को रीछ द्वारा घायल किया गया, जैसे ही उक्त घटना की सूचना वन विभाग को प्राप्त हुई तत्काल वन मण्डल अधिकारी एम.एस. उइके के निदेर्शानुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल तथा अन्य वन अमला द्वारा घटना स्थल पर पहुँचकर सम्पूर्ण घटना की जानकारी ली गई। प्राप्त जानकारी अनुसार रीछ द्वारा घायल व्यक्तियों में दुर्गा यादव उम्र 62 वर्ष तथा एक छोटा बच्चा जिसका नाम सुभाष जिसकी उम्र 06 वर्ष बताई गई है, को कृषि उपज मंडी के पास तथा लक्ष्मण लोधी उम्र 65 वर्ष को गौशाला के पीछे रीछ द्वारा घायल किया गया है। इसी दौरान रीछ द्वारा दो पशुओं को भी घायल किया गया। तीनों घायलों को तात्कालिक सहायता के रूप में राशि 3-3 हजार रुपए की राशि चिकित्सालय में पहुंचर प्रदान की गई। वन मण्डल अधिकारी श्री उइके ने बताया घायलों के इलाज के दौरान जो भी पैसा खर्च होगा वह वन विभाग द्वारा विधिवत संबंधित घायलों को दिया जायेगा। घटना के तत्काल बाद वन अधिकारियों द्वारा आस-पास के क्षेत्र में मुनादी करवाकर आम जन सामान्य को सतर्क रहने की सलाह दी गई। भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित न हो इस के लिये परिक्षेत्र सहायक तेन्दूखेड़ा, परिक्षेत्र सहायक सैलवाड़ा तथा बीर्ड गार्ड खकरिया, बीट गार्ड इमलिया एवं बीट गार्ड पौड़ी के साथ आस-पास के वनक्षेत्रों में सर्चिंग की गई तथा वन अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है ।